भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-147
सोमवार, 04 फरवरी, 2019/15 माघ, 1940 (शक)

रोजगार सृजन

147. श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रनः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने गत पांच वर्षों के दौरान देश में सृजित रोजगार का कोई आकलन किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या निष्कर्ष रहे हैं;
(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में विभिन्न मंत्रालयों को कोई अनुदेश दिए हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर मंत्रालयों की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (घ): श्रम ब्यूरो 2010 से वार्षिक रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षणों का आयोजन करता आ रहा है, जो रोजगार-बेरोजगारी पैरामीटरों की रेंज पर आंकड़े प्रदान करता है। वार्षिक रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षणों (ईयूएस) के पांच दौर का आयोजन किया गया तथा क्रमशः 2011-12, 2012-13, 2013-14 एवं 2015-16 वर्षों से संबंधित परिणाम जारी किए गए हैं। सामान्य प्रमुख एवं सहायक स्थिति (यूपीएसएस) पद्धति पर आधारित श्रम बल जनसंख्या दर (एलएफपीआर) एवं कामगार जनसंख्या दर (डब्ल्यूपीआर) अनुबंध में दिए गए हैं।

उपाध्यक्ष, नीति आयोग की अध्यक्षता के तहत रोजगार डेटा में सुधार हेतु कृतिक बल ने, अन्य बातों के साथ-साथ, सिफारिश की है कि (सावधिक श्रम बल सर्वेक्षण) पीएलएफएस के साथ-साथ सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा एक नया समय-प्रयुक्त सर्वेक्षण भी आयोजित और संस्थापित किया जाए। इसने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (इएसआईसी), राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस), मुद्रा ऋण आदि जैसे स्रोतों से प्रशासनिक डेटा लेने की सिफारिश की ताकि कामगारों की कतिपय श्रेणियों के बारे में डेटा एकत्रित किए जा सकें।

*****

<u>अनुबंध</u>

रोजगार सृजन के संबंध में लोक सभा के दिनांक 04.02.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 147 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क)दूसरे, तीसरे, चौथे एवं पांचवें ईयूएस के आधार पर 15 वर्ष और इससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य प्रमुख एवं सामान्य स्थिति यूपीएसएस (पीएस+एसएस) दृष्टिकोणों पर आधारित श्रम बल भागीदारी दर

(प्रतिशत में)

सर्वेक्षण/क्षेत्र	यूपीएसएस के अंतर्गत श्रम बल भागीदारी दर											
	ग्रामीण				शहरी				ग्रामीण+शहरी			
	पु.	म.	कि.	व्य.	पु.	म.	कि.	व्य.	पु.	म.	कि.	व्य.
दूसरा ईयूएस (2011-12)	79.4	**33.9**	-	57.9	73.7	**19.1**	-	48.0	77.9	**30.0**	-	55.4
तीसरा ईयूएस (2012-13)	78.7	**29.9**	-	55.5	73.2	**17.8**	-	46.7	77.2	**26.5**	-	53.1
चौथा ईयूएस (2013-14)	76.4	**36.4**	-	58.8	74.0	**19.7**	-	47.9	75.7	**31.1**	-	55.6
पांचवां ईयूएस (2015-16)	78.0	**31.7**	52.2	55.8	69.1	**16.6**	41.2	43.7	75.5	**27.4**	48.8	52.4

पु=. पुरुष, म=महिला, कि=. किन्नर, व्य=.व्यक्ति

*किन्नर (कि.) से संबंधित आंकड़े 5वें ईयूएस में पहली बार एकत्र किए गए हैं।

(ख) दूसरे, तीसरे, चौथे एवं पांचवें ईयूएस के आधार पर 15 वर्ष और इससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य प्रमुख एवं सामान्य स्थिति यूपीएसएस (पीएस+एसएस) दृष्टिकोणों पर आधारित कामगार जनसंख्या दर

(प्रतिशत में)

सर्वेक्षण/क्षेत्र	यूपीएसएस के अंतर्गत कामगार जनसंख्या दर											
	ग्रामीण				शहरी				ग्रामीण+शहरी			
	पु.	म.	कि.	पु.	म.	कि.	पु.	म.	कि.	पु.	म.	कि.
दूसरा ईयूएस (2011-12)	77.5	32.5	-	56.3	71.3	17.0	-	45.8	75.9	28.5	-	53.6
तीसरा ईयूएस (2012-13)	76.1	28.7	-	53.6	70.4	15.7	-	44.2	74.5	25.0	-	51.0
चौथा ईयूएस (2013-14)	74.3	35.1	-	57.1	71.4	17.5	-	45.5	73.5	29.6	-	53.7
पांचवां ईयूएस (2015-16)	75.7	30.2	51.9	53.9	67.1	14.8	36.9	41.8	73.3	25.8	47.2	50.5

पु=. पुरुष, म=महिला, कि=. किन्नर, व्य=.व्यक्ति

*किन्नर (कि.) से संबंधित आंकड़े 5वें ईयूएस में पहली बार एकत्र किए गए हैं।